# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 10.07.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-नाबालिग को बहला-फुसला कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-**

अवगत कराना है कि दिनांक 03.07.2024 को वादी निवासी थाना सिविल लाईन्स क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-574//2024 धारा-363 भादवि पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही, बरामदगी/बयान पीड़िता, साक्ष्य संकलन के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 366,376 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गई। उक्त क्रम में आज दिनांक 10.07.2024 को उ0नि0 अरुण कुमार थाना सिविल लाईन्स द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त बन्टी लाल पुत्र बाबू राम निवासी रूदीयपुर्वा थाना कोतवाली देहात, गोण्डा को गिरफ्तार किया गया।

**2-थाना कांठ पुलिस द्वारा, नाबालिग को बहला-फुसला कर दुष्कर्म करने के मामले में 01 बाल अपचारी को हिरासत/निगरानी में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 05.07.2024 को वादी निवासी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-246//2024 धारा 137(2)BNS पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही, बरामदगी/बयान पीड़िता, साक्ष्य संकलन के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पोक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गई। उक्त क्रम में आज दिनांक 10.07.2024 को उ0नि0 श्री यशवीर थाना कांठ द्वारा मय हमराही पुलिस बल, 01 बाल अपचारी को हिरासत/निगरानी में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**3-बाईक चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की बाईक बरामद थाना नागफनीः-**

अवगत कराना है कि दिनांक 05.07.2024 को वादी मनोज कुमार पुत्र श्री वेदप्रकाश निवासी मालतीनगर डिप्टीगंज थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाईकिल पेशन प्रो चोरी करने के सम्बन्ध में थाना नागफनी पर तहरीर देकर मु0अ0स0 165/2024 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत किया गया। विवेनचात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक-10.07.2024 को उ0नि0 श्री अकुंर मलिक थाना नागफनी द्वारा मय हमराही पुलिस बल प्रकाश में आये अभियुक्त विनीत उर्फ नानू पुत्र सुरेश कुमार निवासी मौ0 किसरौल बाल्मिकी बस्ती थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता की बढोत्तरी की गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस

## 4-जनपदीय पुलिस द्वारा, शान्ति भंग करने में 07 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 10.07.2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के आरोप में 07 अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### थाना कटघर पुलिस द्वारा-

1-अरुण पुत्र रामभजन निवासी छज्जूमल स्कूल के पास सूरजनगर थाना कटघर मुरादाबाद

2-अनुज श्रीवास्तव पुत्र रामकुंवर श्रीवास्तव निवासी सूरजनगर थाना कटघर मुरादाबाद

3-आकाश गोस्वामी पुत्र देवेन्द्र गोस्वामी निवासी नन्द कालोनी थाना कटघर मुरादाबाद

4-अभिषेक शर्मा पुत्र मनमोहन शर्मा निवासी नन्द कालोनी थाना कटघर मुरादाबाद

### थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा-

1-खलील पुत्र श्री पूरे अहमद

2-जमील पुत्र श्री भूरे अहमद

3-शमशेर पुत्र श्री नन्हे मंसूरी निवासीगण ग्राम पृथ्वीपुर गावाडी थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।